**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA**
**Final Examination (10 March 2026)**
**Subject - Hindi**
**Class - VI (SET - B)**

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

**(भाग-क) पठन**

**प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

आज का आदमी मशीन की तरह हो गया है। वह दिन चढ़ते ही धन कमाने की दौड़ में शामिल हो जाता है। देर रात गए घर लौटता है। थका-माँदा भोजन करता है और सो जाता है। उसके पास किसी से बात करने का अवकाश नहीं है। यदि परिवार के सदस्य उससे बात करने का प्रयास करते हैं, तो वह उन्हें डाँट देता है। वह वृद्ध माता-पिता के पास नहीं बैठता। उनके सुख-दुख जानने का प्रयास नहीं करता। वह बच्चों के पास नहीं बैठता। उनकी पढ़ाई के विषय में नहीं पूछता। उनकी इच्छाओं को जानने का प्रयास नहीं करता। वह पत्नी से बात नहीं करता। उससे घर-गृहस्थी की बातें नहीं करता। उसके पैरों में पहिए बंध गए हैं। वह बस दौड़ता जा रहा है, दौड़ता जा रहा है। उसका एकमात्र उद्देश्य धन कमाना और धन का अंबार लगाना रह गया है। उससे पूछिए कि यह धन किसके लिए एकत्र किया जा रहा है? मशीन में संवेदनाएँ नहीं होतीं। आज के आदमी के भीतर भी संवेदनाएँ नहीं रहीं।

क) दिन चढ़ते ही आदमी किस दौड़ में शामिल हो जाता है?
1) धन कमाने की 2) सेवा करने की 3) नौकरी पाने की 4) सभी सही हैं

ख) आज का आदमी किसके पास नहीं बैठता?
1) वृद्ध माता-पिता के पास 2) बच्चों के पास 3) पत्नी के पास 4) सभी सही हैं

ग) आदमी के पैरों में क्या बँध गए हैं?
1) घुंघरु 2) पुर्जे 3) पहिए 4) इनमें से कोई नहीं

घ) आज के आदमी का एकमात्र उद्देश्य क्या है?
1) धन कमाना 2) आराम करना 3) कामचोर बनना 4) दु:खी रहना

ङ) आज के आदमी के भीतर मशीन की तरह क्या नहीं है?
1) इच्छाएँ 2) संवेदनाएँ 3) बातें 4) उद्देश्य

**(भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण**

प्र2क) उचित शब्द से खाली स्थान भरें: (1)
वे शब्द, जो कुछ अर्थ देते हैं, उन्हें ………… शब्द कहा जाता है। (निरर्थक/सार्थक)

ख) कोई दो तद्भव शब्द छाँटे: (1)
1) आम 2) रात्रि 3) कान 4) मयूर

ग) वर्णों के मेल से बनी सार्थक रचना ………… कहलाती है। (पद/ शब्द) (1)

प्र3. निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य व विधेय को अलग कीजिए: (3)

क) खरगोश पेड़ के नीचे सो गया।

ख) मम्मी ने स्वादिष्ट खीर बनाई।

ग) कोयल आम की डाली पर बैठकर कूक रही है।

B-1

Scanned with OKEN Scanner

**प्र4क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद का नाम बताएँ:** (2+1)

1) तालाब में मछलियाँ तैर रही है।

2) गाय दूध देती है।

**ख) इनमें से कौन-सा शब्द क्रिया है?**

1) जागना 2) रामायण 3) तुम 4) पनीर

**प्र5क) निम्नलिखित वाक्यों में काल का भेद पहचानकर नाम बताएँ:** (2+1)

1) रात बहुत तेज़ बारिश हुई थी।

2) यह दुकानदार महँगे दामों में सामान बेच रहा है।

**ख) उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए :**

था, थी, थे, बुलाया, खाया आदि से ........... की पहचान हो जाती है। (भविष्यकाल/भूतकाल)

**प्र6. उचित अविकारी शब्द से रिक्त स्थान भरिए:** (3)

( के पास, भीतर, अहा! )

क) दादा जी ............ सो रहे है।

ख) मेट्रो स्टेशन ........... एक बड़ा-सा मॉल है।

ग) ............ कितना सुहावना मौसम है।

**प्र7. संधि कीजिए (कोई चार करें):** (2)

1) महा+ईश 2) पर+उपकार 3) सप्त+ऋषि 4) महा+ऐश्वर्य 5) परम+ईश्वर

**प्र8. निम्नलिखित समस्त पदों का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का भेद बताएँ: (कोई तीन)** (3)

1) सुख-दुख 2) वनवास 3) राधेश्याम 4) राजकन्या

**प्र9. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का जिस अर्थ में प्रयोग किया गया है, उसे लिखिए:** (2+1)

1क) लोगों के <u>अंतर</u> से दया की भावना निकलती जा रही है।

ख) आज कौन-सा <u>वार</u> है?

2) 'तीर' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए-

**प्र10. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए:** (4)

क) इस आयोजन में अनेकों बच्चे भाग लेगें।

ख) दूध बिखर गए है।

ग) बच्चे खेल रहे है क्रिकेट मैदान में

घ) इतवार के दिन स्कूल का अवकाश होता है।

**प्र11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** (3)

सुखद, न्यून, पाप, झूठा, अमीर, शुद्ध

B-2

Scanned with OKEN Scanner

प्र12क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो नए शब्द बनाएँ: (कोई , दो) (2+1)

दान, वाला, वान

ख) 'अक्लमंद' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखें:

प्र13क) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए: (2+1)

1) पं जवाहर लाल नेहरू हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे

2) वाह कितना सुंदर मौसम है

ख) निम्नलिखित विराम चिह्न का नाम बताएँ:

( ? )

प्र14क) निम्नलिखित मुहावरों के वाक्य बनाएँ: (कोई 2) (2+2)

नौ दो ग्यारह होना, खून पसीना एक करना, फूला न समाना

ख) उचित मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| क) ढेर करना | 1) बहुत डर जाना |
| ख) प्राण सूखना | 2) गलत काम की निंदा होना |
| ग) टाँग अड़ाना | 3) मार डालना |
| घ) थू-थू करना | 4) किसी काम में बाधा डालना |

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

प्र15. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई चार) (2)

व्यस्त, लोभ, निर्णय, ज्ञात, धुन

प्र16. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (कोई 3) (3)

धन्यवाद, उत्साहित, परीक्षा, पथिक

प्र17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (कोई पाँच) (5×1=5)

क) 'पड़ोसी मिलन कार्यक्रम' के आयोजन के बाद सोसाइटी में क्या सकारात्मक प्रभाव पड़ा?

ख) पहले भक्त के चनों का क्या परिणाम हुआ?

ग) विज्ञापन में दीवान पद के लिए किस प्रकार के गुणों को प्राथमिकता दी गई थी?

घ) 'लालच' शब्द के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

ङ) खजूर के पेड़ से छाया क्यों नहीं मिलती है?

च) अगर 'पड़ोसी मिलन कार्यक्रम' का आयोजन नहीं होता, तो क्या होता?

प्र18.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए- (कोई तीन) (3×2=6)

क) दया, लोभ, क्रोध और क्षमा इनका क्या-क्या परिणाम होता है?

ख) सरदार सुजान सिंह ने दीवान का पद छोड़ने का निर्णय क्यों लिया था?

ग) शर्मा जी के गिरने की घटना के बाद रवि और सोनू की सोसाइटी के प्रति क्या प्रतिक्रियाएँ थीं?

घ) दूसरे भक्त की सफलता का मुख्य कारण क्या था?



Scanned with OKEN Scanner

प्र19.पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

एक दिन नए फैशन वालों को सूझी कि क्यों न आपस में हॉकी का खेल हो जाए। यह प्रस्ताव हॉकी के अनुभवी खिलाड़ियों ने पेश किया। यह भी तो आखिर एक विद्या है। इसे क्यों छिपाकर रखें। चलिए, तय हो गया। मैदान तैयार हो गया। खेल शुरू हो गया।

रियासत देवगढ़ में यह खेल बिलकुल निराली बात थी। पढ़े-लिखे भलेमानस लोग शतरंज और ताश जैसे गंभीर खेल खेलते थे। दौड़-कूद के खेल बच्चों के खेल समझे जाते थे।

खेल बड़े उत्साह से चल रहा था। दावे के लोग गेंद को लेकर तेज़ी-से उड़ते, तो ऐसा जान पड़ता था कि कोई लहर बढ़ती चली आती है। लेकिन दूसरी ओर के खिलाड़ी इस बढ़ती हुई लहर को इस तरह रोक लेते थे कि मानो लोहे की दीवार हो। संध्या तक यही धूमधाम रही। लोग पसीने से तर हो गए। खून की गरमी आँखों और चेहरे से झलक रही थी। हाँफते-हाँफते बेदम हो गए लेकिन हार-जीत का निर्णय न हो सका।

क) हमारा राष्ट्रीय खेल कौन-सा है?

1) क्रिकेट 2) हॉकी 3) बॉलीबॉल 4) शतरंज

ख) कोई खेल खेलने के लिए खिलाड़ियों में क्या होना चाहिए?

1) उत्साह 2) आलस 3) अनुभव 4) 1 और 3 दोनों

ग) आजकल के बच्चों को अपनी सेहत को अच्छा बनाने के लिए क्या अपनाना चाहिए?

1) खेलकूद 2) फास्ट फूड 3) मोबाइल 4) इनमें से कोई नहीं

घ) खेल की जीत का जश्न कैसे बनाया जाता है?

1) चुपचाप 2) लड़झगड़कर 3) धूमधाम से 4) बेदम से

## (खण्ड-घ) लेखन

प्र20. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

सपने में किसी अजनबी ग्रह की यात्रा

अथवा

पुस्तकालय

प्र21. निम्नलिखित औपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)

बुखार के कारण प्रधानाचार्य जी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

अथवा

बच्चों के समूह 'बाल-मंडल' सेक्टर-35 अ ब स नगर की ओर से अपनी नगर पालिका के अध्यक्ष को पत्र लिखिए जिसमें पार्क को सही करवाने का अनुरोध किया गया हो।

प्र22. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए: (5)

गृहकार्य न करके लाए बच्चे और अध्यापिका जी की बातचीत।

अथवा

आदमी के दुर्व्यवहार से दुखी दो पेड़ों की बातचीत।

B-4

Scanned with OKEN Scanner